दिनांक 04.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू उन्मूलन एवं नियंत्रण तथा मौसमी बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने ली बैठक, प्रतिदिन की मांगी रिपोर्ट

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी जलजनित बीमारियों (पीलिया, उल्टी-दस्त) वेक्टर जनित रोग (डेंगू/मलेरिया) के रोकथाम हेतु टीम भावना से कार्य करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए हुए हैं! जिस पर आयुक्त एसके सुंदरानी ने अधिकारियों को डेंगू प्रभावित क्षेत्रो को विशेष रूप से मानीटरिंग करते हुए डेंगू उन्मूलन एवं नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं! स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने आज जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र मे कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक , सुपरवाइजर एवं ठेका श्रमिकों की बैठक लेकर मौसमी बीमारी एवं डेंगू नियंत्रण , रोकथाम, उपचार के लिए अपनाई जा रही गतिविधियों के विषय जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए! श्री राजू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति लावे एवं प्रतिदिन का रिपोर्ट प्रस्तुत करें विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले शिकायतों से पहले उन्हें दूर करें एवं फिर भी आने वाले शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करें , कोई भी चूक होने पर एजेंसी की राशि से नियमानुसार कटौती की जाएगी , एवं कार्य नहीं करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जावेगी! क्षेत्र में लगातार अनुपस्थित रहने वाले एवं कार्य में ढिलाई करने वाले एजेंसी के सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में सुधार लावे अन्यथा कार्य से वंचित कर दिया जाएगा एवं कोई भी समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा! किसी भी वार्ड से डेंगू की शिकायत न आए इसके लिए पूरी ताकत झोंकने हेतु निर्देशित किया! प्रत्येक जोन के स्वास्थ्य कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी की मानिटरिंग करने के लिए ग्रुप तैयार करने हेतु कहा जिसमें सभी अपने कार्यों को प्रतिदिन भेजेंगे एवं प्राप्त होने वाले शिकायतों का निराकरण करेंगे! विभिन्न वार्डों में वितरण किए जा रहे टेमीफास, मच्छर जाली आदि की जानकारी प्राप्त की एवं वार्ड के मितानिन , वार्ड समिति से मिलकर मौसमी बीमारी के रोकथाम नियंत्रण उपचार आदि के बारे में जन जागरूकता लाने हेतु एजेंसी के सुपरवाइजर निर्देश दिए! बैठक में जोन के स्वास्थ्य प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा सहित एजेंसी के कोमल एवं उनके सुपरवाइजर उपस्थित रहे!

`जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!